**माननीय प्रबन्ध परिषद की चतुर्दश बैठक दिनांक 07.02.2009 का कार्यवृत्त**

माननीय प्रबन्ध परिषद की चतुर्दश बैठक दिनांक 07.02.2009 को पूर्वान्ह 11.30 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कृषि महाविद्यालय के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई ।

माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | डा0 एम0पी0 यादव, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2 | डा0 हरिओम्,आई.ए.एस, विशेष सचिव (कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान ) उ0प्र0 शासन | सदस्य |
| 3 | श्री ओम प्रकाश शर्मा,विधान परिषद सदस्य | सदस्य |
| 4 | श्री शाहिद मंजूर , मा0 विधायक | सदस्य |
| 5 | श्री चन्द्रवीर सिंह , मा0 विधायक | सदस्य |
| 6 | श्रीमती उर्मिला देवी , सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्य |
| 7 | श्री सतीश कुमार उर्फ सुधीर त्यागी ,कृषि उद्योगपति | सदस्य |
| 8 | श्री मनोज कुमार , प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 9 | डा0 के0 सी0 सिंह, प्राचार्य, कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 10 | श्री हरे नारायण शुक्ल ,मण्डलीय अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार | सदस्य |
| 11 | श्री अनिल कुमार यादव, लाइव स्टाक ब्रीडर | सदस्य |
| 12 | डा0 बीर पाल सिंह, संयुक्त निदेश , केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम, मेरठ | सदस्य |
| 13 | निदेशक कृषि नामित सदस्य श्री एम0 पी0 सिंह, संयुक्त निदेशक ,कृषि, मेरठ | सदस्य |
| 14 | निदेशक पशुपालन नामित सदस्य डा0 राजेश सिंह, उप निदेशक , मेरठ | सदस्य |
| 15 | श्री सुशील कुमार यादव , नियन्त्रक | सचिव |

माननीय प्रबन्ध परिषद के माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए माननीय कुलपति जी / अध्यक्ष ने विशेष सचिव का परिचय कराते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की ।

**संकल्प सं0 1** **माननीय प्रबन्ध परिषद की त्रयोदश बैठक दिनांक 16.10.2008 के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद की त्रयोदश बैठक दिनांक 16.10.2008 के कार्यवृत्त की पुष्टि करते हुए संकल्प सं0 5 पर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय , मेरठ में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के पदों को विज्ञापित कर भरने की स्वीकृति पर मा0 प्रबध्ध परिषद के चार सदस्य क्रमश : डा0 के0 सी0 सिंह, श्री मनोज कुमार, श्री सुधीर त्यागी एवं श्रीमती उर्मिला देवी द्वारा आपत्ति उठाई गयी । फलस्वरूप शिक्षणेत्तर पदों की नियुक्ति रोक दी गयी है । संशोधन कर दिया जाय तथा इस प्रकरण को मा0 प्रबन्ध परिषद की आगामी बैठक में प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत किया जाय ।

Sushi
एस० के० यादव
वित्त नियन्त्रक

(कार्यवाही– नियन्त्रक /सचिव प्रबन्ध परिषद )

**संकल्प सं0 2 माननीय प्रबन्ध परिषद की त्रयोद श बैठक दिनांक 16.10.2008 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या ।**

माननीय प्रबन्ध परिषद की त्रयोदश बैठक दिनांक 16.10.2008 में पारित संकल्पों की अनुपालन आख्या को माननीय सदस्यों द्वारा अवलोकित किया गया एवं कार्यवाही की पुष्टि करते समय यह निर्देश दिया गया कि अनुपालन आख्या पर की गयी कार्यवाही का पूर्ण विवरण लिखा जाय जिससे की गयी कार्यवाही की स्थिति स्पष्ट हो सके ।

(कार्यवाही– नियन्त्रक /सचिव प्रबन्ध परिषद )

**संकल्प सं0 3 माननीय कुलपति जी के पद के लिए सर्च कमेटी में माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा नामित एक सदस्य के सम्बन्ध में ।**

प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के शासनादेश संख्या रा.पा.–02/67–कृशिअ– 09 –500 (11) / 05 दिनांक 07 जनवरी, 2009 में निर्देशित किया गया है कि कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय अधिनियम–1958 की धारा –11(I) के प्राविधानों के अनुसार नये कुलपति के चयन हेतु गठित होने वाली सर्च कमेटी में एक सदस्य विश्वविद्यालय की प्रबन्ध परिषद द्वारा नामित किया जाय । इस प्रस्ताव पर श्री अनिल कुमार यादव ,लाइव स्टाक ब्रीडर ने श्री शाहिद मंजूर जी, मा0 विधायक का नाम प्रस्तावित किया जिस पर श्री मनोज कुमार, प्रगतिशील कृषक द्वारा डा0 के0 सी0 सिंह, प्राचार्य, कृषि वैज्ञानिक का नाम प्रस्तावित किया गया । कुलपति पद के लिए सर्च कमेटी के लिए दो नाम में से एक नाम के लिये चयन प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व वर्तमान कुलपति प्रो0 एम0 पी0 यादव जी बैठक से उठकर बाहर चले गये । उनकी अनुपस्थिति में माननीय प्रबन्ध परिषद् द्वारा सर्च कमेटी के लिए नामित सदस्य के नामांकन हेतु वोट डलवाये गये । डा0 हरिओम् ,विशेष सचिव , कृषि शिक्षा अनुसंधान द्वारा गणना कर बताया गया कि श्री शाहिद मंजूर जी को 05 तथा श्री के0 सी0 सिंह जी को 08 वोट मिले हैं । बहुमत के आधार पर डा0 के0 सी0 सिंह, प्राचार्य , कृषि वैज्ञानिक के नाम की घोषणा की गई तथा सर्च कमेटी के लिए डा0 के0 सी0 सिंह जी का नाम अनुमोदित किया गया एवं उन्हे बधाई दी गयी ।

**संकल्प सं0 4 कैरियर एडवान्समेंट स्कीम के अन्तर्गत शासनादेश सं0 3971/ 67 –कृशिअ–08–200(51)/06 दिनांक 05 दिसम्बर , 2008 के प्राविधानों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के दिशा–निर्देशों के अनुरूप लागू किये जाने के सम्बन्ध में ।**

शासन के शासनादेश सं0 3971/ 67 –कृशिअ–08–200(51)/06 दिनांक 05 दिसम्बर , 2008 में दी गयी शर्तो के अनुसार कैरियर एडवान्समेंट स्कीम लागू करने हेतु प्रस्ताव का मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्व सहमति से अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

एस0 के0 यादव
वित्त नियन्त्रक

**संकल्प सं0 5** **शासनादेश सं0–1–864/ दस–08–15 (1)/ 86 वित्त (लेखा) अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 23 सितम्बर , 2008 के अनुसार सामग्री क्रय नियमों के अन्तर्गत कोटेशन / टेण्डर आमंत्रित करके सामग्री क्रय करने के सम्बन्ध में ।**

शासनादेश सं0–1–864/ दस–08–15 (1)/ 86 वित्त (लेखा) अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 23 सितम्बर , 2008 के अनुसार सामग्री क्रय नियमों के अन्तर्गत कोटेशन / टेण्डर आमंत्रित करके सामग्री क्रय करने हेतु वित्तीय सीमा में वृद्धि के फलस्वरूप अब रू0 20,000 (रू0 बीस हजार तक) सामग्री बिना कोटेशन आमंत्रित किये क्रय की जा सकेगी और निर्माण कार्यो एवं मरम्मत से सम्बन्धित सामग्री तथा अन्य सामग्री के क्रय हेतु रू0 1,00,000.00 (रू0 एक लाख ) से अधिक मूल्य की सामग्री के लिए टेण्डर आमंत्रित करना अनिवार्य होगा । निर्माण कार्य एवं मरम्मत सम्बन्धी रू0 100000.00 (रू0 एक लाख)से अधिक मूल्य की सामग्री के क्रय के लिए लोक निर्माण विभाग के लेखा नियमों के प्रस्तर 360 से 364 के प्राविधानों के अनुसार प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– नियन्त्रक/मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 6** **विश्वविद्यालय के मास्टर प्लान का Lay out plan अनुमोदित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

विश्वविद्यालय 108.78 हैक्टेयर (268.70 एकड़) भूमि में स्थापित है । पूर्व में बनाये गये मास्टर प्लान के अन्तर्गत निर्मित होने वाले भवनों, महाविद्यालयों, छात्रावास (ब्यायज एण्ड गर्ल्स) , प्रशासनिक भवन, शोध एवं प्रसार निदेशालय, सीवरेज सिस्टम , रिसर्च एवं ट्रेनिंग सेन्टर्स व अन्य मूलभूत सुविधाऐं प्रथम तल तक प्रस्तावित की गई थी जिस कारण विश्वविद्यालय में शोध व प्रसार सम्बन्धी कार्यक्रम / कार्यकलापों हेतु भूमि पर्याप्त नहीं रह गयी थीं । विश्वविद्यालय में शोध सम्बन्धी तथा शोध परियोजनाओं के संचालन को दृष्टिगत रखते हुए मास्टर प्लान को उपरोक्त उल्लिखित भवनों इत्यादि का निर्माण किये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक भवन को भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल के अन्तर्गत पुनरीक्षित कर दिया गया है । इस पुनरीक्षण से विश्वविद्यालय में 23. 55 हैक्टेयर (58.17 एकड़) भूमि शोध आदि कार्यक्रमों / कार्यकलापों हेतु उपलब्ध हो गयी है । शासन द्वारा स्वीकृत की गई एवं स्वीकृत होने वाली परियोजनाओं को भी रिवाइज्ड मास्टर प्लान के अनुसार बनाया जाना विश्वविद्यालय हित में उचित होगा । इस पर डा0 हरिओम् , विशेष सचिव द्वारा यह सुझाव दिया गया कि वह उक्त मास्टर प्लान का परीक्षण अपने तकनीकी विभाग से कराने के उपरान्त ही निर्णय ले सकेगें. । इस पर यह सहमति व्यक्त की गयी कि अगर मास्टर प्लान में विशेष सचिव द्वारा कोई संशोधन आता है तो उसे अगली बैठक में रखा जाय तथा साथ में पूर्व अनुमोदित मास्टर प्लान की प्रति भी रखी जाय ।

इसके अतिरिक्त श्री चन्द्रवीर सिंह, मा0 विधायक द्वारा यह कहा गया कि जो जमीन पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फसल प्रणाली अनुसंधान निदेशालय ,मोदीपुरम, मेरठ को दी गयी है उक्त जमीन उनसे वापस लेने हेतु प्रयास किया जाय क्योंकि उक्त जमीन पर उनके द्वारा व्यवसायिक खेती की जा रही है जबकि उक्त जमीन को शोध कार्य के लिए दिया गया था । इस सम्बन्ध में शासन स्तर से कार्यवाही की जाये ।

(कार्यवाही– प्रभारी अधिकारी निर्माण )

एस० के० यादव
वित्त नियन्त्रक

**संकल्प सं0 7 शैक्षणिक शुल्क बढ़ाये जाने एवं अन्य शैक्षणिक दिशा निर्देशों हेतु प्रस्ताव।**

उक्त प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अगली बैठक में रखने के लिए निर्देशित किया गया ।

(कार्यवाही– कुल सचिव )

**संकल्प सं0 8 Proposal for approval of the courses being run by RVC Center and College, Meerut with Sardar Vallabh Bhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut for award of Post Graduate Degree/ Diploma.**

उक्त प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अगली बैठक में रखने के लिए निर्देश देते हुए स्थगित कर दिया गया ।

(कार्यवाही– कुल सचिव )

**संकल्प सं09 Proposal for Memorandum of Agreement (MOU) between International Maize and Wheat Improvement Center (CIMMYT) and SVBPUA&T, Meerut**

विश्वविद्यालय एवं International Maize and Wheat Improvement Center (CIMMYT) के मध्य प्रस्तावित एम0 ओ0 यू0 का मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया।

(कार्यवाही– कुल सचिव )

**संकल्प सं010 Proposal for Memorandum of Agreement (MOu) between The International Rice Research Institute (IRRI) and SVBPUA&T, Meerut**

विश्वविद्यालय एवं International Rice Research Institute (IRRI) के मध्य प्रस्तावित एम0 ओ0 यू0 का मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– कुल सचिव )

**संकल्प सं011 Proposal for Memorandum of understanding between Sardar Vallabh Bhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut and M/s Jain Irrigation Systems Limited (JISL), Jalgaon.**

विश्वविद्यालय एवं M/s Jain Irrigation Systems Limited (JISL), Jalgaon.के मध्य एम0 ओ0 यू0 के प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा आगामी बैठक में रखने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही– कुल सचिव )

?

एस० के० यादव
वित्त नियन्त्रक

**प्रस्ताव सं012** **Proposal for Memorandum of Understanding (MOU) between International Crops Research Institute for the Semi-Arid Tropics (ICRISAT) and SVBUA&T, Meeerut.**

उक्त एम0ओ0यू0 का विद्वत परिषद द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– कुल सचिव )

**संकल्प सं013 अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार आगामी शैक्षिक सत्र 2009–10 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा–09 द्वारा बी0वी0एस–सी0 एण्ड ए0एच0 में प्रवेश करने हेतु प्रस्ताव।**

उक्त प्रस्ताव पर चर्चा करने के उपरान्त निर्णय लिया गया कि पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा–09 द्वारा बी0वी0एस0–सी0एण्ड ए0 एच0 में प्रवेश कराने हेतु 40 +5 ( 40 **Normal+05 Paid** = 45 सीट ) रखा जाय तथा शासनादेश के अनुसार उन पर आरक्षण लागू किया जाय ।

(कार्यवाही– कुल सचिव )

**संकल्प सं014 सरदार वल्लभ भाई पटेल मैमोरियल ट्रस्ट, आनंद से प्राप्त साहित्यिक जानकारी से मालूम हुआ है कि वर्तमान में "वल्लभ भाई" शब्द अलग–अलग न होकर "वल्लभभाई" एक ही शब्द है।**

उक्त प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से वल्लभ भाई अलग–अलग न लिखते हुए इस को मिलाकर (वल्लभभाई) लिखे जाने का अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– कुल सचिव / सहा0 कुल सचिव )

**संकल्प सं015 Proposal for the approval of House Allotment Rules for the employees of this University.**

विश्वविद्यालय में निर्मित आवासों को विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों /शिक्षक / शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को आवंटन के सम्बन्ध मे पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के आधार परआवास आवंटन नियमावली तैयार कराकर विद्वत परिषद की संस्तुति के आधार पर मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया ।

(कार्यवाही– अध्यक्ष आवास आवंटन समिति /सचिव आवास आंवटन समिति )

**संकल्प सं016 कृषि विश्वविद्यालय मेरठ में शासन से स्वीकृत पद तकनीशियन वेतनमान रू0 4500–7000 पर नियुक्ति की गयी थी । कार्यरत तकनीशियन द्वारा वेतनमान रू0 5000–8000 की मॉंग के सम्बन्ध में ।**

उक्त प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्व सम्मति से शासन को प्रेषित किये जाने तथा शासन से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही दिये जाने का निर्णय लिया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

एस0 के0 यादव
वित्त नियन्त्रक

**संकल्प सं017 विश्वविद्यालय में कार्यरत कृषि प्रक्षेत्रों पर स्टाफ को शासन द्वारा निर्धारित समयमान वेतनमान स्वीकृति करने के सम्बन्ध में ।**

उक्त प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा सर्व सम्मति से शासन को प्रेषित किये जाने तथा शासन से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही दिये जाने का निर्णय लिया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

**संकल्प सं0 18 अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय की अनुमति से**

**अ–1 सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में नियुक्तियों के सम्बन्ध में की गयी शिकायत के आधार पर आयुक्त , मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा की गई जॉच रिर्पोट सं0 1015/15–30/ 2006–08 दिनांक 29.01.2008 के साथ प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा अनुसंधान के पत्र सं0 394/67—कृ0शि0अ0 –08 –1500 (81)/ 07 दिनांक 13.05.2008 के से सम्बन्ध में ।**

उक्त प्रकरण को मा0 प्रबन्ध परिषद की अगली बैठक में प्रस्ताव के रूप में रखने हेतु निर्देशित किया गया । फलतः प्रकरण स्थगित कर दिया गया ।

(कार्यवाही– मुख्य कार्मिक अधिकारी )

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई ।

Sushil 11.2.09

**(सुशील कुमार यादव )**

**नियन्त्रक/सचिव, प्रबन्ध परिषद**

एस० के० यादव
वित्त नियन्त्रक

**अनुमोदित**

**(एम0पी0 यादव)**

**कुलपति/अध्यक्ष, प्रबन्ध परिषद**

एम० पी० यादव
कुलपति